महत्वपूर्ण / समयबद्ध / फैक्स

संख्या :–370/1–11–2016–7(जी) / 2016टी0सी0–1

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– मण्डलायुक्त,
बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, देवीपाटन, बस्ती, फैजाबाद, गोरखपुर, आजमगढ़, झांसी, चित्रकूट धाम, इलाहाबाद, मीरजापुर एवं वाराणसी।

2– जिलाधिकारी,
पीलीभीत, रामपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, बलरामपुर, गोण्डा, श्रावस्ती, बाराबंकी, फैजाबाद, गोरखपुर, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर, बस्ती, महराजगंज, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, ललितपुर, बांदा, महोबा, चित्रकूट, इलाहाबाद, मिर्जापुर, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी तथा बलिया।

राजस्व अनुभाग–11 लखनऊ : दिनॉक :: 01 सितम्बर 2016

**विषयः वर्ष 2016 में आयी अप्रत्याशित बाढ़ के फलस्वरूप जनपदों में हुई क्षति का विवरण प्रेषित किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–375 / 1–11–2016–7(जी) / 2016टी0सी0–1, दिनांक 31.08.2016 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा प्रदेश में आयी भीषण बाढ़ से हुई क्षति का विस्तृत सर्वेक्षण / आंकलन कराकर जनपद में हुई क्षति का विवरण भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूपों पर शासन को 15 दिन में उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी।

2– वर्तमान मानसून की अवधि में प्रदेश में हुई भारी वर्षा से 29 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं तथा गंगा नदी बेसिन में अत्यधिक पानी आ जाने के कारण गंगा के समीपवर्ती जनपदों इलाहाबाद, मीरजापुर, चन्दौली, वाराणसी तथा बलिया में बाढ़ की विकराल स्थिति उत्पन्न हुई है।

3– प्रदेश में हुई जन हानि, पशु हानि, कच्चे एवं पक्के मकानों की क्षति, फसलों के अतिरिक्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों यथा–सड़कें, पुल, बांध आदि की क्षति का सर्वेक्षण कराने के उपरान्त "बाढ़ मेमोरेण्डम" एक निर्धारित अवधि में भारत सरकार को प्रेषित किया जाना है।

4– अतः प्रकरण की महत्ता के दृष्टिगत मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में हुई भारी बारिश के फलस्वरूप आयी बाढ़ से जनपद में हुई क्षति का विस्तृत सर्वेक्षण / आंकलन कराते हुये विवरण भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर राहत आयुक्त के ईमेल आई0डी0–rahat@nic.in एवं फैक्स नम्बर–0522–2238084, 2236305 पर प्रत्येक दशा में दिनांक 07.09.2016 की पूर्वान्ह तक अवश्यमेव उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि निर्धारित अवधि के भीतर बाढ़ मेमोरेण्डम भारत सरकार को प्रेषित किया जाना सम्भव हो सके।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
प्रमुख सचिव।

Scanned by CamScanner